<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार को दी मंजूरी। इससे प्रदेश के सत्तर वर्ष से अधिक आयु के छः करोड़ वरिष्ठ नागरिक होंगे लाभान्वित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का किया उद्घाटन। कहा– भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए उठाएगा हर कदम।
- गोंडा, औरेया और चंदौली सहित प्रदेश को मिले पांच और मेडिकल कॉलेज। राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद ने दी मंजूरी।
- लखनऊ की स्पेशल एनआईए–एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने अवैध धर्मांतरण के मामले में बारह दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा। चार अन्य दोषियों को दस–दस साल की सजा के साथ लगाया जुर्माना।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में रूक–रूक कर हो रही वर्षा। मौसम विभाग ने कई जिलों में आज भारी बारिश का जताया है पूर्वानुमान।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

***प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि 70 वर्ष की आयु के ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजन के दायरे में लाया जाएगा और 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग जो चाहे वो गरीब हो, चाहे माध्यम वर्ग के हो, चाहे उच्च–मध्यम वर्ग के हो, ये नया दायरा होगा, जिनको पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी और इससे देश में करीब साढे चार करोड फैमिली, जिसमें करीब छह करोड सीनियर सिटीजन्स कवर होंगे।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना का कवरेज प्रदान करने के केन्द्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया दो हजार चौबीस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा है कि यह सिलिकॉन कूटनीति का युग है और भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप से लैस किया जा सके।

***भारत चिप का एक बहुत बड़ा कंज्यूमर है। इसी चिप पर हमने दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ट किया है। भारत का यूपीआई हो, रुपे कार्ड हो, भारत के लोगों की रोजमर्रा की जिदंगी का हिस्सा बन गए हैं।***

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न गतिविधयों की जानकारी भी दी।

***भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 प्रतिशत सपोर्ट भारत सरकार दे रही है। भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपीस से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं।***

प्रधानमंत्री ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर चर्चा करने हुए कहा कि देश इसके गुणक प्रभाव को देख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले देश मोबाइल फोन का आयात करता था, लेकिन अब यह दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन चुका है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति–दो हजार चौबीस लागू की गई है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने टॉप अचीवर स्टेट का दर्जा हासिल किया है।

***प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाये गये है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में प्रदेश ने लगातार टॉप ऐचीवर का दर्जा हासिल किया है। ऐसी कंडक्टर आईटीआईएएस डाटा सेन्टर इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग डिफेंस एंड एरिया स्पेश, इलेक्ट्रानिक विकले, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक एमी–सेमी, टेक्सटाइल्स व टूरिज्म आदि से संबंधित 27 सेक्ट्रोरियल पोलसिंज वर्तमान में प्रदेश में लागू है। उद्यमियों की सुविधा के लिये टेक्टनोलॉजी का अधिक से अधिक उपयोग हो, तो इसके लिये सिंघल विंडो निवेश मित्र के माध्यम से 450 से अधिक ऑन लाइन सेवाएं संचालित की जा रही है।***

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने डिजिटल इंडिया और दूरसंचार मिशन के माध्यम से नागरिकों के हाथों में प्रौद्योगिकी पहुंचाई है। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में आज वर्क फोर्स डेवलपमेंट पवेलियन का उद्घाटन भी किया।

**********

राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद ने प्रदेश के गोण्डा, औरैया, चंदौली, कौशाम्बी, और लखीमपुर खीरी में मेडिकल कॉलेज के प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अलावा ललितपुर और कानपुर देहात को पचास–पचास सीटों में बढ़ोत्तरी की अनुमति मिली है। प्रदेश के तेरह नए मेडिकल कॉलेजों ने मान्यता के लिए इसी साल आवेदन किया था।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने कल आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी। अभ्यर्थी उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट यूपीपीबीपीबी डॉट जीओवी डॉट आईएन पर देख सकते हैं। साथ ही प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजी के संबंध में आपत्ति उन्नीस सितंबर तक वेबसाइट पर दी गई समय सारिणी के अनुसार दर्ज करा सकते हैं। आरक्षी नागरिक परीक्षा अगस्त माह की तेइस, चौबीस, पच्चीस और तीस तथा इकतीस तारीख को आयोजित की गई थी।

**********

लखनऊ की स्पेशल एनआईए–एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने कल अवैध धर्मान्तरण के मामले में मौलाना उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत बारह दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अन्य चार दोषियों को दस–दस साल की सजा सुनाते हुए जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में गैर मुस्लिम मूक बधिर, महिलाओं, बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरी और रुपयों का प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने के मामले में सभी सोलह अभियुक्तों को कल दोषी करार दिया था। यूपी एटीएस ने सबसे पहले जून दो हजार इक्कीस में अवैध धर्मांतरण मामले में एफआईआर दर्ज की थी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नगर विकास विभाग सत्रह सितंबर से दो अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाने जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के एक सौ पचपनवें जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में एक सौ पचपन घंटे का नॉन–स्टॉप सफाई अभियान चलाया जाएगा।

**********

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एक सितंबर से तीस सितंबर तक सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पोषण परिणामों में सुधार करना और व्यवहार में बदलाव के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत आकांक्षी जनपद बलरामपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**********

मथुरा के बरसाना समेत समूचे ब्रज मंडल में कल राधा रानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बरसाना में श्री राधा रानी का ग्यारह कुंतल पंचामृत से महाभिषेक किया गया। इसके बाद राधाजी को नई पोषाक धारण करा कर विशेष श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समेत पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में भी राधाष्टमी के पावन पर्व पर विशिष्ट आराधना की गयी। वहां राधाज्योति की आरती के पश्चात शोभायात्रा निकाल कर उत्सव मनाया गया। गोरखपुर के गीता वाटिका में भी राधाष्टमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। वहां प्रभातफेरी निकाली गयी और सामूहिक पदगान, सत्संग तथा रासलीला का आयोजन किया गया।

**********

लखनऊ और गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बीते चौबीस घंटे से आसमान में बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। तेज हवा के बीच रूक–रूक कर वर्षा का क्रम अभी भी जारी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के कई जनपदों में अगले दो दिनों तक रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग ने रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, बिजनौर और फर्रूखाबाद के लिये बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इन जनपदों में भारी बारिश हो सकती है। एटा और औरैया जिले के जिलाधिकारियों ने भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए अपने–अपने जिलों में आज कक्षा एक से लेकर बारह तक के विद्यालयों को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

**********